संख्या–cm-602
**27/11/2023**

# मुख्यमंत्री ने अनुग्रह नारायण कॉलेज में नवनिर्मित भवन का किया उद्घाटन

पटना, 27 नवम्बर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज अनुग्रह नारायण कॉलेज में नवनिर्मित देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद बहुद्देशीय भवन का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन करने के पश्चात् मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित भवन का निरीक्षण भी किया।

मुख्यमंत्री ने कॉलेज परिसर का भी मुआयना किया। इस दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि खाली जगहों में कॉलेज प्रशासन पठन–पाठन को लेकर जिस प्रकार का निर्माण कार्य चाहती है, उसमें सहयोग करें। भवन के विस्तारीकरण को लेकर इनकी कोई योजना है तो उस पर भी कार्य करें। अनुग्रह नारायण कॉलेज से हमारा पुराना लगाव है। जब हम विधायक और सांसद थे उस दौरान भी हम यहां टहलने आया करते थे। जब से हम सरकार में आये हैं तो अनुग्रह नारायण कॉलेज को बेहतर बनाने के लिये हरसंभव सहयोग दिया है। अनुग्रह नारायण कॉलेज बेहतर कॉलेज है, यहां पठन–पाठन सुचारू रूप से कराते रहें। कॉलेज परिसर की साफ–सफाई पर विशेष ध्यान दें और सभी चीजों का प्रबंधन व्यवस्थित ढंग से करें।

कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्यमंत्री ने स्व0 अनुग्रह नारायण सिंह और स्व0 सत्येन्द्र सिन्हा के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न एवं पुष्प–गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री बी0 कार्तिकेय धनजी, मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 शशि प्रताप शाही, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 आर0के0 सिंह, अनुग्रह नारायण सिंह कॉलेज के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) प्रवीण कुमार, पटना के जिलाधिकारी श्री चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारीगण, प्राध्यापकगण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******